बास्केटबॉल में छत्तीसगढ़ की ऊँची छलांग

चर्चा में क्यों?

21 नवंबर, 2022 को छत्तीसगढ़ की बास्केटबॉल टीम ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में आयोजित 47वें सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में पाँचवा स्थान प्राप्त किया है।

प्रमुख बिंदु

- इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया और अपनी 11वीं रैंकिंग में सुधार करते हुए 5वीं रैंक हासिल की।
- छत्तीसगढ़ की टीम अपने क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक से चुनौतीपूर्ण मुकाबले में 47-42 से पराजित हुई। छत्तीसगढ़ की बालिका टीम केरल को 41-35 से पराजित कर सब जूनियर नेशनल में पाँचवे स्थान में रही।
- छत्तीसगढ़ की जूनियर नेशनल बास्केटबॉल बालिका टीम में आशा (कप्तान), अंतरा, दिव्या, सारा, रेहा, अमुदिनी, देविका, आस्था सोनी, छवि, शुभांगी, अक्सारा, जेनी शामिल थीं।
- गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालिकाओं की टीम ने केरल, गुजरात, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान एवं गोवा जैसी मज़बूत टीमों को करारी शिकस्त दी।
- बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 11वें स्थान से लंबी छलांग लगाकर देश में 5वाँ स्थान प्राप्त कर उच्च वर्ग श्रेणी में जगह बनाई, जिससे आगे होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उन्हें काफी मदद मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/47th-sub-junior-national-basketball-championship